jkT; 'kS{kd vuqla/kku vkSj izf'k{k.k ifj"kn
NRrhlx<+

jkT; Lrjh; vkdyu

विश्लेषण आधारित

प्रशिक्षण माड्यूल

सत्र – 2019–20

सामाजिक विज्ञान

मार्गदर्शक

पी. दयानंद (IAS)
संचालक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, छ.ग., शंकरनगर, रायपुर

डॉ. सुनीता जैन
अतिरिक्त संचालक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, छ.ग., शंकरनगर, रायपुर

आकलन प्रभारी

अनुपमा नलगुंडवार

विशेष सहयोग

के.पी.एम.जी., इंडिया

समन्वयक

डॉ. विद्यावती चंद्राकर, डेकेश्वर प्रसाद वर्मा

सामग्री निर्माण

दिव्या लकरा, विद्या डांगे, प्रीति देशपाण्डे, कांति यादव,
नवीन जायसवाल, गिरधारी लाल चक्रधारी, शिशिरकना भट्टाचार्य

तकनीकी सहयोग

आई संध्यारानी, संतोष कुमार तंबोली, कुशाग्र चौबे, दिवाकर निमजे

आवरण पृष्ठ
सुधीर कुमार वैष्णव

ले–आउट
कुन्दन लाल साहू

टंकण
घनश्याम कुमार पटेल

आमुख

सामाजिक विज्ञान में समाज के विविध सरोकार समाहित हैं। इसमें इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र आदि विषयों की विस्तृत सामग्रियाँ सम्मिलित होती है। एक अर्थपूर्ण सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या में पाठ्यसामग्री के चयन द्वारा विद्यार्थियों में समाज की समालोचनात्मक जानकारी विकसित करने में सहायक होती है। यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। नए आयामों और सरोकारों को समाहित किए जाने की भी अनेक संभावनाएँ है। सामाजिक विज्ञान का महत्व एक विश्लेषणात्मक और रचनात्मक मस्तिष्क की नींव तैयार करने के लिए अनिवार्य है।

आम तौर पर सामाजिक विज्ञान को रटने वाला विषय माना जाता है तथा ऐसा माना जाता है कि इस विषय के शिक्षकों हेतु प्रशिक्षण की आवश्यकता उतनी नहीं है जितनी गणित, विज्ञान के लिए होती है। किंतु अन्य विषयों के समान सामाजिक विज्ञान विषय भी महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रतिस्पर्धा के कारण सामाजिक विज्ञान को एक उपयोगी विषय समझा जाता हैं। हमें यह पहचानने की आवश्यकता है कि सामाजिक विज्ञान में विज्ञान की ही तरह वैज्ञानिक दृष्टिकोण होता है। सामाजिक विज्ञान द्वारा अपनाई गई पद्धतियाँ विशिष्ट होती है। यह विषय किसी भी रूप में अन्य विषयों से कम नहीं है।

यह आवश्यक हो गया है कि प्रत्येक बच्चे के नजरिये से शिक्षा व्यवस्था का विश्लेषण किया जाय, इस विश्लेषण से उपजे परिणाम विकास का रास्ता तय करने में हमारी मदद करेंगे। इस दिशा में सार्थक प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सामाजिक विज्ञान विषय के मॉड्यूल का निर्माण किया गया है। इस मॉड्यूल में बच्चों की समझ को बेहतर बनाने के लिए कक्षावार इतिहास/ भूगोल/नागरिकशास्त्र विषय की पाठयोजनाएँ एवं सुझावात्मक गतिविधियाँ दी गई हैं, जिससे बच्चों में सामाजिक विषयों पर विवेचनात्मक चिंतन को बढ़ावा दिया जा सके तथा ज्ञान प्राप्ती में बिना किसी दबाव के विद्यार्थियों और शिक्षकों की भागीदारी हो। शिक्षकों हेतु विषयवस्तु के अध्यापन की प्रस्तावित गतिविधियाँ व विद्यार्थियों की सहज सहभागिता के लिए माड्यूल को रोचक व आनंददायी बनाया गया है ताकि अपेक्षित कौशलों को प्राप्त किया जा सके।

इसी क्रम में यह शैक्षिक सामग्री आपको सौंपी जा रही है विश्वास है कि बच्चों में विभिन्न कुशलताओं के विकास करने में यह सामग्री आपको सहयोग प्रदान करेगी।

दिसम्बर 2019

रायपुर

पी.दयानंद IAS
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.

सामाजिक विज्ञान – प्रशिक्षण फ्रेमवर्क

अनुक्रमणिका

विषय वस्तु	पृ. क्र.
सामाजिक विज्ञान का आशय एवं उद्देश्य	1-2
प्रथम दिवस : • पंजीयन एवं परिचय सत्र • सामाजिक विज्ञान का आशय, उद्देश्य, अपेक्षाएं • Ice breaker **हम और हमारा सामाजिक परिवेश** • सीखने के प्रतिफल • रुब्रिक्स क्या है? • आदर्श पाठ योजना • TDM	3-24
द्वितीय दिवस : • Ice breaker – परस्पर निर्भरता • आकलन • आदर्श पाठयोजना • शैक्षिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग	25-33
तृतीय दिवस : • Ice breaker देखो और बताओं • सामाजिक विज्ञान की कक्षागत पैडागॉजी • आदर्श पाठयोजना	34-42
चतुर्थ दिवस : • Ice breaker – शैक्षिण अंत्याक्षरी • उपचारात्मक शिक्षण क्या है? • उपचारात्मक शिक्षण हेतु गतिविधि	43-46
पंचम दिवस : • Ice breaker अपना साथी खोजो • पाठयोजना क्या है? • गतिविधियाँ	47-69
उत्तरमाला	70-71
संदर्भ ग्रंथ व परिशिष्ट	72-76

सामाजिक विज्ञान

सामाजिक विज्ञान दो शब्दों से मिलकर बना है सामाज + विज्ञान अर्थात समाज में घटित प्रत्येक घटना चाहे वह प्राकृतिक, सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक हो उसका वैज्ञानिक तरीकों से चिंतन करना है। कुछ घटनाओं का मानव जीवन पर तात्कालिक प्रभाव पड़ता है जिसे हम प्राकृतिक घटना कहते हैं, जैसे– भूकंप, ज्वालामुखी, भूस्खलन, बाढ़ आदि। कुछ घटनाएँ सामाजिक होती है जिस पर समाज में प्रचलित रीति रिवाजों का प्रभाव पड़ता हैं। इन घटनाओं का मानव जीवन पर दीर्धकालीक प्रभाव पड़ता है इन सामाजिक घटनाओं को राजनैतिक एवं आर्थिक तत्व भी प्रभावित करते हैं।

सामाजिक विज्ञान का उद्देश्य अपने आसपास में होने वाली विभिन्न घटनाओं को विस्तार से समझना तथा समीक्षात्मक जांच कर उस पर प्रश्न करते हुए विद्यार्थियों में आलोचनात्मक जागरूकता का संवर्धन करना है। समाज के प्रति समालोचनात्मक समझ का विकास करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। सामाजिक विज्ञान की विषयवस्तु केवल सूचनाएँ देने एवं परीक्षा पास करने के तथ्यों का अंबार लगाए जाने के बजाय अवधारणाओं की समझ और सामाजिक राजनीतिक यथार्थ के विश्लेषण की क्षमता का विकास करना है न कि बिना व्याख्या के तथ्यों को रटने पर बल देना। सामाजिक विज्ञान का दायित्व विद्यार्थियों में स्वतंत्रता, विश्वास, परस्पर सम्मान और विविधता के प्रति आदर जैसे मानवीय मूल्यों का सुदृढ आधार तैयार करना तथा राष्ट्रीय दृष्टिकोण एवं स्थानीय दृष्टिकोण में संतुलन बनाना।

सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य

1. अपने आसपास में होने वाली विभिन्न घटनाओं को विस्तार से समझना।
2. बच्चों में करूणा, सहानुभूति, विश्वास, शांति, सहयोग, सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण जैसे मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदना जगाना ।
3. विविध मतों, जीवन शैलियों और सांस्कृतिक रीति रिवाजों का सम्मान करना।
4. ग्रहण किए गए विचारों और परंपराओं के संबंध में प्रश्न करना और उसकी जांच पड़ताल करना।
5. जेंडर संवेदनशीलता तथा सामाजिक वर्गो और हर प्रकार की असमानताओं के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण अपनाना।
6. परिकल्पनाओं की जाँच के तरीके सोच पाने और उन तरीकों को काम में लेने के लिए आवश्यक दक्षताओं का विकास करना।
7. निष्कर्ष निकालने की क्षमता व समालोचनात्मक चिन्तन का विकास करना।
8. निष्कर्षो के व्यावहारिक परिणामों को समझ पाने की क्षमता का विकास करना।
9. सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों की समालोचनात्मक समझ का विकास करना।
10. इतिहास, बोध–संबंधी क्षमताओं का विकास करना।
11. भौगोलिक परिस्थितियों एवं इसका मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों की समझ का विकास करना।

पाठ्यचर्या संबंधी अपेक्षाएँ

यह आशा की जाती है कि कक्षा–8 के अंत तक बच्चे निम्नलिखित पाठ्यचर्या संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने में समर्थ हो –

- उन तरीकों को पहचानना जिनके द्वारा राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दे उनके दैनिक जीवन को समय–समय पर प्रभावित करते हैं।
- पृथ्वी को मानव तथा जीवों के एक आवास के रूप में समझना।
- अपने स्वयं के क्षेत्र से परिचित होना तथा विभिन्न प्रदेशों (स्थानीय से लकर भूमंडलीय) की पारस्परिक निर्भरता को समझना।
- संसाधनों के स्थानीय वितरण तथा उनके संरक्षण को समझना।
- भारतीय इतिहास के विभिन्न कालों के ऐतिहासिक विकास को समझना। विभिन्न प्रकार के स्रोतों से इतिहासकार अतीत का अध्ययन कैसे करते है– इसे समझना।
- एक स्थान/क्षेत्र के विकास का दूसरे से संबंध स्थापित करते हुए ऐतिहासिक विविधता को समझना।
- भारतीय संविधान के मूल्यों और दैनिक जीवन में उनके महत्व को आत्मसात् करना।
- भारतीय लोकतंत्र और उनकी संस्थानों एवं संघीय, प्रांतीय तथा स्थानीय स्तर की प्रक्रियाओं के प्रति समझ विकसित करना।
- परिवार, बाजार और सरकार जैसी संस्थानों की सामाजिक, आर्थिक भूमिका से परिचित होना।
- राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा पर्यावरण प्रक्रियाओं में समाज के विभिन्न वर्गों के योगदान को पहचानना।

Day - 1

पंजीयन एवं परिचय सत्र

Ice breaker

हम और हमारा सामाजिक परिवेश

उद्देश्य

- सामाजिक विज्ञान के प्रति रूचि विकसित करना।
- सामाजिक विज्ञान की विषय वस्तु व विभिन्न आयामों से परिचित कराना।

आवश्यक सामग्री – पेपर स्लिप्स

कक्षा को समूहों में बाँटने के लिये इस गतिविधि का उपयोग किया जा सकता है। शिक्षक बहुत सारे कागज के स्लिपस् तैयार करेंगे जिसमें भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र एवं अर्थशास्त्र से संबंधित कुछ आयाम/शब्दों उल्लेख किया गया हो। तत्पश्चात् सभी कागज के टुकड़ो को मिला दिया जायेगा। कक्षा में सभी प्रतिभागी स्लिप उठाकर पढ़ेंगे एंव निर्णय करेंगे कि उन्हें किस समूह में बैठना होगा।

कैसे करें ...

आर्थिक	भौगोलिक	ऐतिहासिक	नागरिक शास्त्र
कर	कृषि	उपनिवेश	संविधान
बजट	मिट्टी का अपरदन	यूरोप का पुर्नजागरण	शोषण के विरूद्ध अधिकार
संपत्ति	खनिज	ईस्ट इंडिया	उच्च न्यायलय
जी.एस.टी.	झील	वेलेजली	पंचशील
आयकर	सतत् पोषणीय विकास	रैयतवाड़ी	यू.एन.ओ.
आमदनी	साल्ज़बर्ग	लोथल	जमींदारी प्रथा
उपभोक्ता	भूस्खलन	लीग	एफ.आई.आर.
मूल्यसंवर्धन	काजीरंगा	ब्रम्हसमाज	संसद

अब प्रत्येक प्रतिभागी को कहे कि आपके चिट में जो भी नाम है वह जिस समूह से संबंधित है। उस समूह में चले जाए। इस तरह प्रत्येक प्रतिभागी चिट अनुसार समूह में एकत्रित हो जाएंगे। प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् समूह के प्रतिभागी अपने–अपने स्लिप पढ़कर सुनायेंगे ताकि इस बात की जाँच हो सके कि वह सही समूह में बैठा है।

शिक्षक कथन – अपने समूह में उस क्षेत्र से संबंधित किसी एक विषय के सामाजिक महत्त्व पर आपस में चर्चा करें एवं कक्षा के समक्ष प्रस्तुत करें कि आपका समूह मानव जीवन को किस प्रकार प्रभावित करता है।

योग्यता आधारित ढाँचा

सीखने के प्रतिफल को योग्यता के स्तर के साथ प्रतिचित्रित करना :

आमतौर पर हम पाठ्यपुस्तक को संपूर्ण पाठ्यक्रम मान कर पाठों के अंत में दिए गए प्रश्नों के आधार पर मूल्यांकन करते हैं। पाठ्य सामग्री के संदर्भों की भिन्नताओं तथा पढ़ाने के विभिन्न सिद्धांतों को ध्यान में नहीं रखा जाता है। इसके लिए हमें सीखने के प्रतिफलों की ओर बढ़ना होगा, जिससे हम निरंतर बच्चों की प्रगति का अवलोकन कर सकें।

सीखने के प्रतिफल :

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा सीखने के प्रतिफल को विकसित किया है जो पठन सामग्री को रटकर याद करने पर आधारित मूल्यांकन से समाप्त करने के लिए बनाए गए हैं। योग्यता (सीखने के प्रतिफल) आधारित मूल्यांकन पर जोर देकर, शिक्षकों और पूरी व्यवस्था को यह समझने में मदद की गई है कि बच्चे ज्ञान, कौशल और सामाजिक व्यक्तिगत गुणों और दृष्टिकोणों में परिवर्तन के मामले में पूरे वर्ष के दौरान एक विशेष कक्षा में क्या हासिल करेंगे। सीखने के प्रतिफल ज्ञान और कौशल से परिपूर्ण ऐसे कथन है जिन्हें बच्चों को एक विशेष कक्षा या पाठ्यक्रम के अंत तक प्राप्त करने की आवश्यकता है और यह अधिगम संवर्धन की उन शिक्षणशास्त्रीय विधियों से समर्थित हैं जिनका क्रियान्वयन शिक्षकों द्वारा करने की आवश्यकता है। ये कथन प्रक्रिया आधारित हैं और समग्र विकास के पैमाने पर बच्चे की प्रगति का आकलन करने के लिए गुणात्मक या मात्रात्मक दोनों तरीकें से जाँच योग्य बिन्दु प्रदान करते हैं। सीखने के प्रतिफल सभी बच्चों, जिनमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सी.डब्ल्यू.एस.एन) भी शामिल हैं, की शिक्षण शास्त्रीय प्रक्रियाओं और पाठ्यचर्या संबंधी अपेक्षाओं से जुड़े हैं।

विशेषताएँ –

1. लर्निंग आउटकम्स कक्षा 1 से 8 तक विषयवार पृथक–पृथक है।
2. यह राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005 के सिद्धांतों पर आधारित हैं।
3. इनमें कौशलों पर विशेष फोकस किया गया है।
4. इसे पुस्तक की चारदीवारी में बांधा नहीं गया है। संबंधित लाभार्थी पाठ्य पुस्तक से परे जाकर भी अवधारणा स्पष्ट कर सकते हैं।
5. लर्निंग आउटकम्स में ज्ञानात्मक पक्ष के साथ–साथ भावानात्मक एवं मोटर स्किल को भी समाहित किया गया है।
6. एक लर्निंग आउटकम कई पाठों में तथा एक पाठ में कई लर्निंग आउटकम्स समाहित होते हैं इसके अतिरिक्त ये विभिन्न कक्षाओं में तथा विभिन्न विषयों में भी समाहित हो सकते हैं।
7. लर्निंग आउटकम को केंद्र में रखकर शैक्षणिक योजनाएं बनाई जाती है।

सीखने के प्रतिफल का दस्तावेज SCERT छत्तीसगढ़ के वेबसाइट scert.cg.gov.in एवं NCERT नई दिल्ली की वेबसाइट www.ncert.nic.in पर उपलब्ध है।

आइए महत्वपूर्ण बदलावों पर एक नजर डालते हैं :

महत्वपूर्ण बदलाव

पहले

- शिक्षक केंद्रित, स्थिर डिज़ाइन
- शिक्षक का निर्देश और निर्णय
- शिक्षक का मार्गदर्शन और प्रबोधन
- निष्क्रिय भाव से सीखना
- चारदीवारी के अंदर सीखना
- ज्ञान ''प्रदत्त'' और स्थिर है
- अनुशासन केंद्रित
- रैखिक अनुभव
- मूल्यांकन, संक्षिप्त

वर्तमान में

- शिक्षार्थी केंद्रित, लचीली प्रक्रिया
- शिक्षार्थी की स्वायत्ता
- शिक्षार्थी को सहयोग द्वारा सीखने को प्रोत्साहन
- सीखने में सक्रिय भागीदारी
- विस्तृत सामाजिक संदर्भों में सीखना
- ज्ञान विकसित होता है, रचा जाता है
- बहु–अनुशासनात्मक शैक्षणिक दृष्टि
- बहुविध एवं विभिन्न अनुभव
- बहुविध, सतत्

योग्यता की रूपरेखा

आपने देखा ये महत्वपूर्ण परिवर्तन हैं जो यह मांग करते हैं कि हम भी परिवर्तन को स्वीकारें। अपनी बदलती भूमिका ज्ञान के स्रोत के बदले सुविधादाता के रूप में आपनी क्षमताओं का विकास करें। हम ऐसे अवसर रच पाए जिससे बच्चो में अन्तर्निहित क्षमताएँ बाहर आएँ और उनका विकास हो। हम पारंपरिक ढाँचे से योग्यता आधारित ढांचे की ओर कदम बढ़ाएं।

पारंपरिक ढाँचे से योग्यता आधारित ढाँचे की ओर जाने में महत्वपूर्ण परिवर्तन –

पारंपरिक ढांचा

1. मानकीकृत / Standardized:
   निर्देश पूरे वर्ग के लिए मानकीकृत है और सीखने के परिणामों को कक्षावार–नामित किया गया है।
2. सीखने का तरीका / Learning approach:
   शिक्षक केंद्रित।
3. वास्तविक जीवन में जुड़ाव नहीं / No real life application : केवल कुछ LOs वास्तविक दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल को बढ़ावा दे सकते हैं।
4. अलग–अलग / Segregated : पाठ्यक्रम के अंशों का विभिन्न अंतरालों पर परीक्षण किया जाता है।

योग्यता आधारित ढांचा

1. अनुकूलित / Customized:
   निर्देश अलग–अलग सीखने के परिणामों के साथ छात्र की जरूरतों से मेल खाने के लिए अनुकूलित है।
2. सीखने का तरीका / Learning approach:
   विद्यार्थी केंद्रित
3. वास्तविक जीवन से जुड़ाव / Real life application : 21वीं सदी के कौशल और वास्तविक दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल के लिए तैयारी।
4. अनुपूरक / Complementary: फॉर्मेटिव आकलन योग्यतात्मक आकलन का पूरक होता है।

स्तर 1 से 4

स्तर 1	स्तर 2	स्तर 3	स्तर 4
तथ्यों को याद करने की क्षमता (The ability to recall facts)	वैचारिक ज्ञान, या तथ्यों को संदर्भ में रखने की क्षमता। (Conceptual knowledge or context)	उपयुक्त रणनीति बनाने की सोच का उपयोग निर्णय लेने या तर्क में करना (Employing strategic thinking through the use reasoning or decision making.)	जानकारी को संश्लेषित करने या वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में लागू करने के लिए विस्तारित सोच का उपयोग करना । (Using extended thinking to synthesize information or apply it to real world application.)

रूब्रिक्स क्या है?

रूब्रिक्स निर्देशों के क्रियान्वयन संबंधित कुछ ऐसे अवयव या कथन हैं जो आकलन हेतु निर्मित उपकरणों को स्वरूप देने के लिए आवश्यक है। इनके द्वारा प्राप्त प्रत्युत्तरों एवं अन्य सभी घटकों के द्वारा उपलब्धि के मापदंड को निर्धारित किया जा सकता है।

- रूब्रिक्स एक विशिष्ट कार्य पर विद्यार्थियों का आकलन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मानदंडों का एक व्यापक समूह है।
- रूब्रिक्स कार्य के प्रदर्शन और आकलन के मानदंडों को रेखांकित करता है। यह शिक्षक और विद्यार्थियों दोनों द्वारा सहभागितापूर्ण तरीके से विकसित किया जाता है।
- रूब्रिक्स में लचीलापन और अनुकूलन की क्षमता होती है, जो किसी उपकरण को अधिक उपयुक्त बनाती है।
- जब रूब्रिक्स को सही तरीके से उपयोग किया जाता है, तो समय पर प्रतिक्रिया प्रदान करने, विद्यार्थियों को विस्तृत प्रतिक्रिया का उपयोग करने, महत्वपूर्ण सोच को प्रोत्साहित करने, शिक्षण विधियों को परिष्कृत करने और संप्रेषण में आसानी होती है।

उदाहरण के लिए किसी विषय पर प्रश्न तैयार करना। इस गतिविधि का आकलन चार बिन्दुओं पर रूब्रिक्स का उपयोग करके किया जा सकता है।

मानदंड / कार्य / गतिविधि / लर्निंग आउटकम्स्	स्तर–1	स्तर–2	स्तर–3	स्तर–4
प्रश्न तैयार करना	साथियों की मदद से प्रश्न तैयार करना।	स्वयं नये प्रश्न तैयार करना, शिक्षक, साथियों की मदद से अंतिम रूप देना।	स्वयं प्रश्न तैयार कर लेना।	स्वयं स्वतंत्र रूप से प्रश्न तैयार करना एवं दूसरों को तैयार करने में मदद करना।

इस तरह सीखने के प्रतिफलों की प्राप्ति को रूब्रिक्स के अनुसार तय मापदंडों में से मापा जा सकता है। इसके लिए स्तर (Level) 1, 2, 3, 4 निर्धारित किए गए है। यहाँ यह उल्लेख करना उचित होगा कि विषयवार–कक्षावार अध्यायवार रूब्रिक्स तैयार किए गए है।

Learning outcomes mapped to competency level (सीखने के प्रतिफल)

कक्षा–छठवीं
विषय– नागरिक शास्त्र

क्र.	अध्याय	उप विषय	लर्निंग आउटकम्स	स्तर 1 याद करना, स्मरण करना, खोजना, लेबल लगाना वर्णन करना	स्तर 2 समझना, व्याख्या कर पाना, संक्षेप करना, सुमेलित करना	स्तर 3 लागू करना, व्यवस्थित करना, उपयोग करना, हल करना, साबित करना, ड्रा करना, गणना करना	स्तर 4 मूल्यांकन करना, परिकल्पना करना, विश्लेषण करना, सृजन करना, वर्गीकरण करना
				पाठ के उपरांत विद्यार्थी कर सकेंगे			
1.	मानचित्र	दूरी, दिशा, प्रतीक	607	मानचित्रों के प्रकारों को समझता हैं।	मानचित्र के घटक, दिशा, दूरी संकेत को समझता है।	दूरी, दिशा प्रतीक के आधार पर अपनी/घर का रेखाचित्र बनाता है।	दूरी, दिशा और प्रतीक के आधार पर किसी भी स्थान के मानचित्र का वर्णन करता है।

DEMO LESSON using competency level framework

विषय – भूगोल

कक्षा – छठवी

अध्याय 4 – मानचित्र

LOs – SST 607 – अपने आसपास का मानचित्र बनाते है और उस पर मापक दिशाएँ तथा अन्य विशेषताओं को रुढ़ चिन्हों की सहायता से दिखाते हैं।

स्तर – 1 छत्तीसगढ़ के मानचित्र में अपने जिले को पहचानते हैं।

स्तर – 2 चित्र, रेखाचित्र एवं मानचित्र में अंतर कर पाते हैं।

स्तर – 3 दूरी, दिशा प्रतीक के आधार पर अपने/घर का रेखाचित्र बनाता है तथा मापक की अवधारणा को समझ पाते हैं।

स्तर – 4 दूरी, दिशा और प्रतीक के आधार पर किसी भी स्थान के मानचित्र का वर्णन करते हैं।

Word List – संकेत, पैमाना ,दिशा

Teaching Learning Process - समूह कार्य, मानचित्र अवलोकन, चर्चा।

Previous knowledge – बच्चे छत्तीसगढ़ राज्य के मानचित्र को जानते है।

Teaching Aids – छत्तीसगढ़ का राजनैतिक मानचित्र, **DIKSHA App – K2VKB3 ()**

स्तर 1 – **छत्तीसगढ़ के मानचित्र में अपने जिले को पहचानते हैं।**

गतिविधि 1

मानचित्र देखकर बताओ

- आपके जिले का नाम क्या है? (Level 1)
- यह जिला किस दिशा में स्थित है? (Level 1)
- इससे उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में कौन–कौन से जिले है? (Level 2)
- सुकमा किस दिशा में स्थित है? (Level 2)
- सुकमा जिले के उत्तर में कौन सी दिशा है? (Level 2)

शिक्षक कथन – मानचित्र में उत्तर दिशा हमेशा ऊपर ही होती है, दाहिनी ओर पूर्व दिशा, बॉयी ओर पश्चिम दिशा तथा नीचे दक्षिण दिशा होता है। **दिशायें हमेशा सापेक्ष होती है अर्थात् किसी भी स्थान की दिशा संदर्भ/स्थान पर निर्धारित होती है।** जैसे कि आपने बताया कि छत्तीसगढ़ के उत्तर में सरगुजा है तथा दक्षिण में सुकमा है सुकमा जिले के उत्तर में दंतेवाड़ा जिला है दंतेवाड़ा जिले के उत्तर में कोडागाँव जिला है।

मानचित्र

स्तर 2 – **चित्र, रेखाचित्र एवं मानचित्र में अंतर कर पाता है।**

गतिविधि 2

घर से स्कूल आते समय का चित्र बनाओं और उन स्थानों को भी दर्शाओं जो आपको रास्ते के दोनों ओर दिखाई देते हैं।

गतिविधि 3

दिए गए चित्र, रेखाचित्र और मानचित्र को देखकर बताओं कि इनमें क्या अंतर है?



रेखाचित्र	चित्र	मानचित्र
अंदाज से बनाए गए चित्र को रेखा चित्र कहते हैं। जैसे कि आपने घर से स्कूल आते समय का चित्र अंदाज से बनाया।	चित्र किसी भी वस्तु की हूबहु आकृति होती हैं यह त्रिआयामी होता है।	धरालत की आकृतियों जैसे– पर्वत, पठार, मैदान, नदी, सड़कमार्ग, रेलमार्ग आदि को निर्धारित दिशा में उचित पैमाने /मापक द्वारा दर्शाया जाता है इसे मानचित्र कहते है।

आकलन – ऊपर दिए गए रेखाचित्र 'ब' का अवलोकन कर बताए कि –

- विकास, शीला, करीम का घर किस दिशा में है? (Level 2)
- विद्यालय किस दिशा में है? (Level 2)
- करीम के घर के बाँए ओर क्या है? (Level 1)

शिक्षक कथन – किसी भी मानचित्र पर वास्तविक आकार एवं प्रकार में विभिन्न आकृतियों जैसे भवनों, सड़कों, पुलों, वृक्षों, रेल की पटरियों, नदियों व जलाशयों को दिखाना संभव नहीं होता है इसलिए इन्हें निश्चित अक्षरों, छायाओं, रेखाओं, चित्रों के उपयोग करके दर्शाया जाता हैं ये प्रतीक कम स्थान में अधिक जानकारी प्रदान करते हैं मानचित्रों की एक विश्वव्यापी भाषा होती है जिसे सभी आसानी से समझ सकते है प्रतीकों के उपयोग के सबंध में एक अंतर्राष्ट्रीय सहमति हैं। मानचित्रों में भू–आकृतियों के लिए विभिन्न रंगो का उपयोग किया जाता है जेसे पर्वतों के लिए भूरा पठारों के लिए पीला समुद्र एवं नदियों के लिए नीला, मैदानों के लिए हरा रंग।



स्तर 3 – **दूरी, दिशा प्रतीक के आधार पर अपने/घर का रेखाचित्र बनाता हैतथा मापक की अवधारणा को समझ पाता है।**

गतिविधि 4

मापक – समूह कार्य – कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या के आधार पर समूह बनाए। प्रत्येक समूह में कम से कम 5–5 विद्यार्थी हो।

अपनी कक्षा का अवलोकन कर रेखाचित्र बनाओ। रेखाचित्र में दिशाओं तथा कमरे की विभिन्न वस्तुओं के लिए संकेत चिन्ह भी बनाओ। अब प्रत्येक समूह का 1 सदस्य कमरे की लम्बाई, चौड़ाई को अपने कदमों से नापेगा समूह के अन्य सदस्य कदमों को गिनेगें और दी गई तालिका में भरेंगे। फिर उसी कमरे की लम्बाई, चौड़ाई की मीटर टेप/स्केल से नापकर दी गई तालिका भरेंगे और तालिका का तुलनात्मक अध्ययन कर निष्कर्ष निकालेगें। (Level 3)

समूह	कमरे की लम्बाई चौड़ाई (कदमों में)		कमरे की लम्बाई चौड़ाई, (से.मी. में)	
	लम्बाई	चौड़ाई	लम्बाई	चौड़ाई
क्रमांक 1				
क्रमांक 2				
क्रमांक 3				

दोनों प्रकार की नाप में अंतर क्यों आया

मापक क्या है?

शिक्षक कथन – किसी भी स्थान की दूरी को मानक इकाई में ही नापा जाता है। दूरी की इकाई है सेंटीमीटर, मीटर, किलोमीटर, मानचित्र में किसी भी स्थान की दूरी को निश्चित पैमाने/मापक के आधार पर सेंटीमीटर में दर्शाया जाता। मानचित्र में दूरी दर्शाने हेतु मापक/पैमाने का उपयोग किया जाता है।

पृथ्वी के धरातल पर वास्तविक दूरी और मानचित्र पर दिखाई गई उसी दूरी में अनुपात को मापक/ पैमाना कहते है।

उदाहरण – मान लो आपके कक्षा की लम्बाई 30 मीटर है। उसे मानचित्र में दिखाना है तो हमें एक ऐसा पैमाना चुनना होगा जिससे हमारा मानचित्र न बहुत बड़ा बनें और न ही बहुत छोटा। अतः हमारा मापक होगा 1 से.मी. = 5 मीटर अर्थात् कागज की 1 से.मी. की दूरी धरातल के 5 मीटर को दर्शाती है। अतः धरातल की 30 मीटर की दूरी को कागज पर 30/5 = 6 से.मी. से दर्शाया जाएगा। (Level 4)

यदि हम कक्षा की 30 मीटर लंबाई के लिए 1 से.मी. = 1 मीटर लेंगे
या 1 से.मी. = बराबर 10 मीटर लेंगे तो क्या होगा?

स्तर 4 – दूरी, दिशा और प्रतीक के आधार पर किसी भी स्थान के मानचित्र का वर्णन करता है।

शिक्षक कथन – प्रत्येक मानचित्र के नीचे में पैमाना दिया होता है। यदि हमें पैमाना मालूम है हम मानचित्र पर किन्हीं दो स्थानों के बीच दूरी की गणना कर सकते है। हर मानचित्र का पैमाना अलग–अलग हो सकता है। किसी मानचित्र में 1 से.मी. बराबर 100 कि.मी. माना जाता है। तो किसी में यह 50 या 500 किलोमीटर भी हो सकता है। इस तरह पैमाने के द्वारा हम किसी क्षेत्र को छोटा या बड़ा मानचित्र बना सकते है।



गतिविधि 5 – मानचित्र पर दो स्थानों के बीच की निकटतम दूरी मापने के लिए धागे का एक टुकड़ा लीजिए। मानचित्र में किसी दो स्थानों को धागे से नापों। हम धागे की लम्बाई को स्केल से नापकर मानचित्र में दिए गए मापक के अनुसार वास्तविक दूरी ज्ञात करो।

उदाहरण – भारत के राजनैतिक मानचित्र में रायपुर से दिल्ली की दूरी को धागे से नापा। नापे गए धागे को स्केल से मापने पर धागे की लंबाई 12 सेंटीमीटर ज्ञात हुई। मानचित्र में पैमाना 1:10,00,000 दिया है। (अर्थात 1 कि.मी.) अतः रायपुर से दिल्ली की दूरी 1200 किलोमीटर होगी।

आकलन – भारत के मानचित्र का अवलोकन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो –

भारत के उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में कौन – कौन से राज्य है तालिका भरो –

दिशा	राज्यों के नाम
उत्तर	
दक्षिण	
पूर्व	
पश्चिम	

दिए गए नामों के लिए रुढ़ चिन्ह बनाओ–
नदी, रेलमार्ग, किसी भी राज्य की राजधानी, अन्तर्राज्यीय सीमा रेखा ।

Recapitulation - मानचित्र पठन हेतु दिशा, पैमाना, संकेत जानना बहुत ही आवश्यक हैं मानचित्र में उत्तर दिशा हमेशा ऊपर होती है। मानचित्र में दिए गए संकेत सदैव सार्वभौमिक होते हैं। मानचित्र में किसी भी दो स्थानों की वास्तविक दूरी जानने के लिए पैमाना दिया होता है।

Assignment - मानचित्र में दिए गए मापक के अनुसार किसी भी दो स्थानों की दूरी नापकर वास्तविक दूरी ज्ञात करो।

Task Distribution Matrix- TDM (Blue Print)

आकलन की तैयारी के लिए प्रश्नों का निर्माण एक आवश्यक प्रक्रिया है जिससे विद्यार्थी की दक्षताओं का पता चले। आइए देखे कि ब्लूप्रिंट या TDM में क्या–क्या सूचनाएँ/जानकारी निहित होती है।

- कक्षा विषय
- पाठ्य सामग्री
- विभिन्न शैक्षिक/योग्यताओं पर प्रश्न के विवरण जैसे स्तर Level से 1 – 4
- प्रश्नों के प्रकार जैसे अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय आदि।
- प्रसंग/संदर्भ : Personal, Social, Scientific, Occupation
- अनुक्रिया के प्रकार जैसे – (i) Selected (चयन), (ii) Constructed (रचना)

हम कह सकते है TDM एक ऐसा ढाँचा या फ्रेमवर्क है जो पाठ्यसामग्री (Syllabus) के प्रत्येक प्रश्नों के स्तरों, संदर्भों एवं प्रतिक्रिया के प्रकारों को बताता है।

यहाँ प्रतिक्रिया के प्रकार को थोड़ा विस्तार दिया जा सकता है –

1. चयनित (Selected) - इसके अंतर्गत बच्चों को उत्तरों के चुनाव करने होते है जैसे – (i) बहुविकल्पीय प्रश्न (ii) रिक्त स्थान भरें (iii) सही गलत उत्तर का चुनाव करें।

2. निर्माण (Constructed) - इसके अंतर्गत प्रश्नों के उत्तर बच्चों को स्वयं निर्मित करने होते है, जैसे – अति लघुउत्तरीय प्रश्न, लघुउत्तरीय प्रश्न, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

संदर्भ – वास्तविक जीवन की परिस्थितियाँ जिनके आधार पर प्रश्न तैयार किए जाते है।

1. व्यक्तिगत (Personal) – स्वयं परिवार, समूह की गतिविधियाँ, भोजन, खरीददारी, खेल, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत समय प्रबंधन, व्यक्तिगत राय।
2. व्यावसायिक (Occupational) – खोज, आविष्कार, विश्लेषण, संश्लेषण, व्यवसाय से संबंधित कार्य एवं निर्णय।
3. सामाजिक (Social) – परिवार, समुदाय एवं शासन में भागीदारी करना। संस्कृति की समझ।
4. वैज्ञानिक (Scientific)– अनुप्रयोग, विज्ञान और प्रौद्योगिक से संबंधित विषय। जैसे– मौसम या जलवायु, पारिस्थितिकी, चिकित्सा, अंतरिक्ष विज्ञान, आनुवांशिकी। (मॉड्यूल के अंत में कक्षावार **TDM** संलग्न है अवलोकन किया जा सकता है।

TDM – SST – Class 6

		Competency Lever योग्यता विस्तार				Content प्रसंग/संदर्भ				Response Type अनुक्रिया प्रकार		Type of Questions प्रश्नों के प्रकार			
	Lo tagged	I	II	III	IV					Selected	Constucted	VSA-1 Marks	SA-2 Marks	LA-3 Marks	VLA-5 Marks
History (Q-05) Marks- 12 (-30%)	613, 618, 610, 612 618	01	02	01	01					02	03	02	01	01	01
Civics(Q.05) Marks -11- (27.50%)	623,619, 624, 625 ,623	01	02	01	01					01	04	01	02	02	00
Geography(Q.07) Marks- 17- (42.50)	602, 602, ,605 607, 601, 603, 604	02	01	02	02					02	05	02	02	02	01
Total Qs-17		04	05	04	04					**5**	**12**	**5**	**5**	**5**	**2**
Total Marks		07	13	09	11										
Question Wise %		23. 53	29.41	23.53	23.53										
Marks Wise %		17.50	32.50	22.50	27.50										

विषय कोड | 8 | 0 | 8 | 1 |

राज्य स्तरीय आकलन (SA-1)

सत्र 2019–20

कक्षा – 8

विषय – सामाजिक विज्ञान

हिन्दी माध्यम

समय – 02:30 घंटे

पूर्णांक – 40

परीक्षार्थी आई डी

परीक्षार्थी का नाम ..... शाला का नाम .....

प्राप्तांक (अंकों में) (शब्दों में) .....

हस्ताक्षर प्रधान पाठक ..... हस्ताक्षर निरीक्षक .....

केवल मूल्यांकन हेतु										
PAPER CODE										
STUDENT CODE										

1		10		केन्द्राध्यक्ष हस्ताक्षर एवं सील	हस्ताक्षर मूल्यांकनकर्ता
2		11			
3		12			
4		13			
5		14			
6		15			
7		16			
8		17		दिनांक:	दिनांक:
9					
कुल प्राप्तांक (Total Marks Obtained)					

निर्देश :–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. दिये गये प्रश्नों के उत्तर इसी प्रश्न पत्र में ही हल कीजिए।

सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1 X 5 = 5 अंक)

प्रश्न 1. यह चित्र निम्नलिखित को दर्शाता है।

अ. अनवीकरणीय ब. नवीकरणीय
स. खनन प्रक्रिया द. संरक्षण प्रक्रिया

उत्तर– .....

प्रश्न 2. उपनिवेशीय शासन के दौरान भारतीय हथकरघा उद्योग के पतन के क्या कारण थे?

अ. मशीनों द्वारा निर्मित वस्तुओं का ब्रिटेन से आयात करना
ब. भारत द्वारा ब्रिटेन को कम कीमत पर वस्तुओं का निर्यात करना
स. भारत से ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले कच्चे माल की नीतियाँ
द. भारतीय उच्च वर्ग द्वारा पश्चिमी जीवन शैली को अपनाना

उत्तर– .....

प्रश्न 3. क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को राष्ट्रपति द्वारा संसद के किस सदन के लिए मनोनित किया गया ?

अ. लोक सभा ब. विधान सभा
स. राज्य सभा द. विधान परिषद

उत्तर– .....

प्रश्न 4. ''सुनहरा रेशा'' से अभिप्राय है–

अ. चाय ब. कपास
स. पटसन द. नारियल जटा

उत्तर– .....

प्रश्न 5."बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ" योजना प्राचीन भारत के किस कुरीतियों का अंत करता है?

अ. बाल विवाह　　ब. दहेज प्रथा

स. बहु विवाह　　द. कन्या वध

उत्तर– .....

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। (2 X 5 = 10 अंक)

प्रश्न 6. यदि आपके शरीर को कोई आपत्तिजनक तरीके से छूता है, तो आप क्या करेंगे?

उत्तर– .....

.....

.....

.....

प्रश्न 7. चित्र में दिए गए मृदा विन्यास को नामांकित कीजिए।



.....

.....

.....

.....

प्रश्न 8. "उपनिवेशवाद" के किन्ही दो परिणाम लिखिए ?

उत्तर– .....

.....

.....

.....

प्रश्न 9. एफ.आई. आर. क्या है?

उत्तर– .....

.....

.....

.....

प्रश्न 10. मिलेट फसलें किसे कहते हैं? इन फसलों के नाम लिखिए।

उत्तर– .....

.....

.....

.....

निर्देशः–प्रश्न क्र. 11 से 15 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। (3 X 5 = 15 अंक)

प्रश्न 11. कारखानों की स्थापना से समाज में क्या बदलाव हुआ? अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तरः– .....

.....

.....

.....

.....

प्रश्न 12. नीचे दिए गए चित्रों को देखकर कर बताइए कि ये किस मौलिक अधिकार से संबंधित हैं? मौलिक अधिकारों का एक–एक उदाहरण दीजिए (कोई तीन)

(1)

(2)

(3)

(4)

(5)

(6)

उत्तर– .....

.....

.....

.....

.....

प्रश्न 13.

देश	भूमि उपयोग के अनुसार क्षेत्रफल का प्रतिशत			
	फसल भूमि	चारागाह	वन	अन्य उपयोग
आस्ट्रिया	6	56	14	24
ब्राजील	9	20	66	5
कनाडा	5	4	39	52
चीन	10	34	14	42
फ्रांस	35	21	27	17
भारत	57	4	22	17

ऊपर दी गई सारणी का अवलोकन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

I. किस देश में फसल भूमि क्षेत्र सबसे कम है?
II. भारत में कौन सा क्षेत्र है जहाँ भूमि का उपयोग सबसे अधिक किया जाता है ?
III. ऐसे कौन– कौन से देश हैं जहाँ वनों का क्षेत्र 33 प्रतिशत से अधिक हैं?

अथवा

जल विद्युत से होने वाली लाभ व हानियों को लिखिए।

उत्तरः– .....

.....

.....

.....

.....

प्रश्न 14. राष्ट्रपति की किन्हीं तीन शक्तियों का वर्णन किजिए।

उत्तरः– .....

.....

.....

.....

.....

प्रश्न 15. भारतीय समाज में **'पुनर्विवाह'** के लिए क्या–क्या प्रयास किए गए ?

उत्तरः– .....

.....

.....

.....

.....

निर्देशः– प्रश्न क्र. 16 से 17 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। (5 X 2 = 10 अंक)

प्रश्न 16. औसतन एक भारतीय नागरिक प्रतिदिन लगभग 150 लीटर जल का उपयोग करता है, नीचे दी गई तालिका का अवलोकन करते हुए बताइये कि किन–किन क्षेत्रों में पानी की खपत सबसे अधिक है? पानी की खपत को कम करने के लिए आप क्या करेंगे?

उपयोग	लीटर प्रति व्यक्ति/प्रतिदिन
पानी पीना	3 प्रतिशत
शौचालय	40 प्रतिशत
खाना बनाना	4 प्रतिशत
वस्त्र धोना	35 प्रतिशत
नहाना	20 प्रतिशत
बागवानी	25 प्रतिशत
अन्य कार्य	23 प्रतिशत
योग	**150 लीटर**

अथवा

ऊर्जा के गैर परंपरागत स्रोतों के नाम लिखकर उनसे होने वाले लाभ और हानि को लिखिए?

उत्तरः– .....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

प्रश्न 17. दिए गए समाज सुधारकों को पहचान कर उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों का उल्लेख कीजिए–

क्र.	चित्र	नाम	किए गए सामाजिक कार्य
1			
2			
3			
4			

प्रश्न पत्र का अवलोकन कर TDM के आधार पर दक्षता स्तर की जाँच करें।

Bottom performing LO's of SST

प्रस्तुत मॉड्यूल में विद्यार्थियों के सामाजिक विज्ञान में कम उपलब्धि वाले सीखने के प्रतिफल है। चूंकि सामाजिक विज्ञान में इतिहास भूगोल एवं नागरिक शास्त्र (तीनों विषय) समाहित हैं अतः तीनों विषयों के कम उपलब्धि प्राप्त सीखने के प्रतिफल निम्नानुसार हैं।

(अ)	पाठ का शीर्षक	कक्षा	विषय	LOs क्रमांक व विवरण
1.	पंचायतीराज	6वीं	नागरिक शास्त्र	624– सरकार विभिन्न स्तरों– स्थानीय, प्रांतीय और संघीय, को पहचानते हैं।
2.	मानचित्र	6वीं	भूगोल	607– अपने आसपास का मानचित्र बनाते है और उस पर मापक दिशाएँ तथा अन्य विशेषताओं को रुढ़ चिन्हों की सहायता से दिखाते हैं।
3.	जीवन में आया बदलाव	7वीं	इतिहास	720– उन कारको का विश्लेषण करते हैं जिससे नए धार्मिक विचारों और आंदोलनों (भक्ति/सूफी) का उदभव हुआ।
4.	कृषि	8वीं	भूगोल	808– विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि के प्रकारों तथा विकास से संबंध स्थापित करते है, ऐसे कारकों का विश्लेषण करते हैं जिनके कारण कुछ देश प्रमुख फसलों जैसे –गेहूँ, चावल, कपास, जूट इत्यादि का उत्पादन करते है। बच्चे इन देशों को विश्व के मानचित्र पर अंकित करते है।
(ब)	गतिविधियाँ	कक्षा	विषय	LOs क्रमांक व विवरण
1	सुझावात्मक गतिविधि (कुल संख्या 3)	6वीं	नागरिक शास्त्र	624 – सरकार के विभिन्न स्तरों–स्थानीय, प्रांतीय, संघीय को पहचानते हैं।
2	सुझावात्मक गतिविधि (कुल संख्या 3)	6वीं	इतिहास	618– प्राचीन काल के विभिन्न धर्मों और विचारों के मूल तत्वों और मूल्यों का विश्लेषण करते हैं।

3	सुझावात्मक गतिविधि (कुल संख्या 3)	6वीं	भूगोल	620 – अपने आस–पास मानवीय विविधताओं के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करते हैं।
4	सुझावात्मक गतिविधि (कुल संख्या 3)	7वीं	इतिहास	720– उन कारको का विश्लेषण करते हैं जिससे नए धार्मिक विचारों और आंदोलनों (भक्ति/सूफी) का उदभव हुआ।
5	सुझावात्मक गतिविधि (कुल संख्या 3)	7वीं	नागरिक शास्त्र	730– विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को उपयुक्त उदाहरणों के साथ वर्णित करते है।
6	सुझावात्मक गतिविधि (कुल संख्या 3)	7वीं	भूगोल	710– प्राकृतिक संसाधनों, जैसे – वायु, जल, ऊर्जा, पादप एवं जंतुओं के संरक्षण के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।
7	सुझावात्मक गतिविधि (कुल संख्या 3)	8वीं	नागरिक शास्त्र	823 – अंतरिम सरकार की स्थापना से लेकर भारतीय संविधान के निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं को क्रमबद्ध रूप में जानता है।
8	सुझावात्मक गतिविधि (कुल संख्या 3)	8वी	भूगोल	808 – ऐसे कारकों को विश्लेषण करते है जिनके कारण कुछ देश प्रमुख फसलों जैसे–गेहूं, चावल, कपास, जूट इत्यादि का उत्पादन करते हैं। बच्चे इन देशों को विश्व के मानचित्र में अंकित करते हैं।
9	सुझावात्मक गतिविधि (कुल संख्या 3)	8वीं	इतिहास	821 - 1870 के दशक से आजादी तक में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की रूपरेखा बताता है।

Day - 2

Ice breaker

परस्पर निर्भरता

उद्देश्य :

1. स्वमूल्यांकन व स्वयं की भूमिका समझने का अवसर प्रदान करना।

2. प्रतिभागियों में परस्पर निर्भरता की भावना विकास करना।

3. विभिन्न व्यवसाय/क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्ति के प्रति परस्पर सम्मान का भाव विकसित करना।

4. सामाजिक विविधता को समझने का अवसर प्रदान करना।

कार्यविधि – प्रतिभागियों के संख्या के आधार पर समूह निर्माण करना तथा प्रत्येक समूह को अलग–अलग प्रकार की भूमिका में विचार व्यक्त करने कहा जाए, इस हेतु विभिन्न प्रकार की चिट तैयार की जायेगी जैसे – **मजदूर, डॉक्टर का व्यवसाय, शिक्षक का कार्य, पेड़ पौधे, कल कारखाने, नदी, कृषक, जंगल जानवर, पानी..** आदि। प्रत्येक समूह का एक व्यक्ति चिट उठायेगा और उस पर सभी सदस्य मिलकर चिट पर लिखे विषय अनुसार अपनी भूमिका समझायेंगे। अंत में सभी समूहों के प्रस्तुतीकरण के उपरांत निष्कर्ष या सुझाव दिए जा सकते है।

जैसे – मैं एक मजदूर हूँ। सड़क निर्माण के काम में मै सहयोग करता हूँ। मै अपन काम को पूरी जिम्मेदारी के साथ करता हूँ ताकि मेरे साथ काम करने वाले अन्य साथियों के लिए आगे का कार्य आसान हो जाये। जब मेरे काम से समाज और देश को लाभ होता है तो मुझे बहुत खुशी होती है। इसी प्रकार प्रतिभागी अपनी चिट के अनुसार अपनी भूमिका प्रस्तुत करेंगे।

- उपरोक्त गतिविधि के आयोजन से प्रतिभागियों में अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित करने में मदद मिलेगी।
- प्रतिभागियों को विभिन्न व्यवसाय आपस में किस प्रकार से परस्पर जुड़े है इसे समझने का अवसर मिलेगा।

आकलन

सामाजिक अध्ययन विषय के अंतर्गत बच्चों के विकास की निरंतर जानकारी के लिए सतत् एवं नियमित आकलन करना जरूरी है। जिसमें विभिन्न विधियों एवं उपकरणों के माध्यम से बच्चों का आकलन किया जाता है।

रचनात्मक आकलन

रचनात्मक आकलन, कक्षा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का अभिन्न अंग है, जो सतत् रूप से औपचारिक एवं अनौपचारिक परिस्थितियों में किया जाता है। कक्षा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में बच्चों को सीखने–सिखानें के पर्याप्त अवसर दिए जाते हैं जिससे बच्चे अपने ज्ञान का निर्माण कर सकें। बच्चे अपने ज्ञान का निर्माण स्वयं गतिविधियों के माध्यम से, अपने अनुभव एवं गलतियों के निरंतर सुधार से करते है। सीखने सिखाने की इस प्रक्रिया में शिक्षक को यह जानना बहुत आवश्यक है कि **बच्चे कितना सीख रहे हैं, सीखने की प्रगति कैसी है, बच्चे को कहाँ मदद की आवश्यकता है?** अतः शिक्षक कक्षा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान विभिन्न उपकरणों के माध्यम से बच्चे का सतत् आकलन करता है, आकलन के दौरान शिक्षक न सिर्फ आवश्यकतानुसार बच्चे का उपचारात्मक शिक्षण करता है बल्कि अपने स्वयं की भी शिक्षण प्रक्रिया में सुधार करता है।

शिक्षक अपने स्वयं के फीडबेक हेतु, माता–पिता फीडबेक देने एवं बच्चों की प्रगति जानने के लिए फॉरमेटिव आकलन के कुछ बिंदुओं को मूल्यांकन पंजी में नोट करता है।

सावधिक आकलन

इस आकलन से पता चलता है कि प्रत्येक बच्चे ने निश्चित अवधि में क्या सीखा? कहाँ उन्हें सहायता की जरूरत है। इस आधार पर शिक्षक अपनी शिक्षण योजना तैयार करते है अर्थात् इस आकलन में निश्चित अवधि में बच्चों की उपलब्धियाँ और कमजोरियाँा लगने के साथ–साथ शिक्षक भी प्रभाविता का भी पता चलता है।

योगात्मक आकलन

योगात्मक आकलन प्रत्येक सेमेस्टर, इकाई या पाठ के अंत में किया जाता है। यह आकलन पेपर पेंसिल (लिखित) उपकरण की सहायता से निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर किया जाता है। जिसके लिए प्रश्न पत्र का उपयोग किया जाता है। शिक्षक प्रश्न बनाते समय इस बात का ध्यान रखें कि प्रश्न–पत्र कौशल आधारित हो, रटने पर आधारित न हो, तथा बच्चों के अनुभव, कल्पना–शक्ति, सृजनशीलता, तर्क करने, स्वतंत्र विचारों को रखने के लिए अवसर प्रदान करता हो। प्रश्न बनाते समय प्रश्नों के शैक्षिक उद्देश्यों को भी ध्यान में रखा जाए अर्थात प्रश्न ज्ञान, अवबोध, कौशल एवं अनुप्रयोग पर आधारित हो जिसमें वस्तुनिष्ठ, अति लघुउत्तरीय, लघुउत्तरीय, दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न शामिल हो सकते हैं। आकलन के उपकरण : मौखिक प्रश्न, अवलोकन, पोर्टफोलियों, सर्वे, प्रोजेक्ट कार्य, समूह कार्य, लिखित कार्य, स्व मूल्यांकन।

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक विद्यार्थियों के लिए सत्र में दो बार आकलन की प्रक्रिया अपनायी जा रही है।

उच्च प्राथमिक स्तर पर पूर्णांक प्रति सेमेस्टर 75–75 अंक का हैं जिसका विवरण निम्नानुसार है –

1. फॉरमेटिव आकलन – 10 अंक
2. सावधिक आकलन – 25 अंक
3. समेटिव आकलन – 40 अंक

आइए हम यहाँ आकलन की कुछ चर्चा कर लें :

प्रकार	कब	उद्देश्य
रचनात्मक	यह शिक्षण के दौरान निरंतर किया जाता है।	• सीखने में सुधार • शिक्षण प्रक्रिया में सुधार
सावधिक और योगात्मक	निश्चित अवधि, किसी इकाई, पाठ या निश्चित पाठ्यक्रम के पूर्ण शिक्षण उपरांत। स्कूल कैलेण्डर के अनुसार या सत्र के अंत में।	• ग्रेडिंग • कक्षोन्नति

एफ.ए. और एस.ए. – विशेषताओं को क्रमबद्ध करना



एफ.ए. और एस.ए. गुण निर्दिष्ट करना



रूब्रिक्स एवं एफ.ए. आधारित प्रादर्श पाठ योजना

क्र.	अध्याय	उप–विषय	लर्निंग आउट कम्स	स्तर 1	स्तर 2	स्तर 3	स्तर 4
पाठ के आधार पर छात्र कर सकेंगे				याद करना, स्मरण करना, खोजना, लेबल लगाना वर्णन करना	समझना, व्याख्या कर पाना, संक्षेप करना, सुमेलित करना	लागू करना, व्यवस्थित करना, उपयोग करना, हल करना, साबित करना, ड्रा करना, गणना करना	मूल्यांकन करना, परिकल्पना करना, विश्लेषण करना, सृजन करना, वर्गीकरण करना
1.	पंचायती राज		623	त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को जान पाता है।	चुनाव की प्रक्रिया को समझता है।	ग्राम सभा की बैठक में व्यक्तियों की भागीदारी के महत्व को समझता है।	आम नागरिकों द्वारा दिये जाने वाले करों की उपयोगिता का विश्लेषण करता है।

एफ.ए. आधारित प्रादर्श पाठ योजना

कक्षा – छठवी

अध्याय – पंचायती राज

LOs – SST624 – सरकार के विभिन्न स्तरों–स्थानीय/प्रांतीय संघीय को पहचानते है।

स्तर – 1 **चुनाव की प्रक्रिया को समझते है तथा** वार्ड के बारे में जानते है

स्तर – 2 वार्ड के प्रतिनिधि के चुनाव की प्रक्रिया को समझ पाते हैं।

स्तर – 3 सरपंच व उसके कार्यों को समझकर अपने दैनिक जीवन को सहज बना पाते है।

स्तर – 4 पंच/सरपंच व उपसरपंच के कार्यों का विश्लेषण कर पाते है।

Word List – वार्ड, पंच, ग्राम पंचायत

Teaching Learning Process - चर्चा सह रोल प्ले।

Teaching Aids – DIKSHA App – ISID26

Previous knowledge –

- विद्यार्थी अपने ग्राम से परिचित है।
- विद्यार्थी अपने ग्राम के पंच/सरपंच के कुछ कार्यों से परिचित है।

Linking content –

शिक्षक विद्यार्थियों से कक्षा मानिटर के बारे में चर्चा करेंगे।

चर्चा के बिंदु	संभावित उत्तर
1. आप किस कक्षा में पढ़ते हैं?	हम लोग कक्षा 6 में पढ़ते हैं।
2. आपकी कक्षा का मॉनिटर कौन हैं?	हमारी कक्षा की **मॉनिटर** हर्षा है।
3. आपकी कक्षा के मॉनिटर को किसने चुना?	हमारी कक्षा की **मॉनिटर** को हमारी कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने मिलकर चुना।
4. आपकी कक्षा के मॉनिटर को 7 या 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने क्यों नहीं चुना?	7वी, 8वी के बच्चों ने हमारे **मॉनिटर** का चुनाव नहीं किया क्योंकि वे हमारी कक्षा के विद्यार्थी नहीं है।

शिक्षक – आइए आज हम रोल प्ले के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया को समझते है।

स्तर – 1 चुनाव की प्रक्रिया को समझते है तथा वार्ड के बारे में जानते हैं।

गतिविधि 1

निर्देश – शिक्षक विद्यार्थियों को मॉनिटर के चुनाव की प्रक्रिया करवाएँ।

- मॉनिटर हेतु 2–3 विद्यार्थियों के नाम प्रस्तावित करें।
- नामांकन फार्म भरवाये।
- उन्हें अलग–अलग चुनाव आबंटित करें।
- मतदान हेतु कक्षा में व्यवस्था करें एवं मतदान अधिकारियों को नियुक्त करें।
- मतदान करवाये इस हेतु एक बाक्स तैयार कर उम्मीदवारों के चुनाव चिन्ह की चिट बनाकर कक्षा के सभी बच्चों से मतदान करवाये।
- मतदान हेतु बाएं हाथ की अनामिका में स्याही लगवाये।
- सभी विद्यार्थियों के मतदान उपरांत मतों की गणना करवा कर, अधिक मत प्राप्त विद्यार्थी को मॉनिटर हेतु आमंत्रित करें।

स्तर – 2 वार्ड के प्रतिनिधि के चुनाव की प्रक्रिया को समझ पाते है।

शिक्षक कथन – मॉनिटर की चुनाव की तरह ही वार्ड का चुनाव होता है। प्रत्येक ग्राम पंचायत के इलाके को जनसंख्या के आधार पर कई वार्डो में बांटा जाता है प्रत्येक पंचायत में 10–20 वार्ड होते है। ठीक उसी तरह जिस तरह आपकी शाला में कक्षा 6वीं को **A B C** कक्षाओं में बांटा गया है।



प्रत्येक वार्ड से एक पंच चुना जाता है, पंच के चुनाव हेतु जो व्यक्ति खड़ा होता है उसे उम्मीद्वार कहते है। उम्मीद्वार की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक हो तथा उसका नाम उस वार्ड के मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी वार्ड में एक ही उम्मीद्वार होता है तो उसका निर्विरोध चुनाव कर लिया जाता हैं। एक से अधिक उम्मीद्वार होने पर मतदान किया जाता है। वार्ड के वे लोग जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो तथा जिनका नाम मतदाता सूची में हो वे वोट देते हैं। जिस उम्मीद्वार को ज्यादा वोट मिलते है वह पंच बनता है।

आइए इस गतिविधि से वार्ड और पंच के चुनाव को समझे –

गतिविधि 2

निर्देश – शिक्षक पूरी कक्षा को 4–5 समूह में बांट दे, ये वार्ड होंगे। प्रत्येक समूह (वार्ड) से पृथक–पृथक 2–3 बच्चों को अलग– अलग पार्टी के उम्मीद्वार बनाये तथा वोट की प्रक्रिया करवाएं। ध्यान रहे कि बच्चे जिस समूह (वार्ड) के सदस्य है उन्हीं समूह(वार्ड) के उम्मीद्वार को वोट देंगे। मतदान हेतु मतपेटी निर्मित कर मतों को मतपेटी में डालने को कहें। मतदान संपन्न होने पर, मतों की गणना भी बच्चों से करवाएं तथा प्रत्येक समूह (वार्ड) के उम्मीद्वार जिसे अधिक मत मिलेंगे वह विजयी होगा एवं पंच बनेगा। इस तरह पूरी कक्षा से 3–4 पंच चुन कर आएगें। ठीक इसी तरह चुनाव की प्रक्रिया होती है।

स्तर – 3 **सरपंच व उसके कार्यों को समझकर अपने दैनिक जीवन को सुगम बना पाते है।**

शिक्षक – अब हम सरपंच के चुनाव और उसके कार्यों को जानते है। क्या आप बता सकते है कि सरंपच कहाँ का मुखिया होता है?

विद्यार्थी – सरपंच ही पंचायत का मुखिया होता है।

शिक्षक – पंचों की तरह सरंपच को भी सभी लोग वोट डालकर चुनते है। फर्क यह है कि पंच को सिर्फ एक वार्ड के लोग चुनते है, जबकि सरंपच को पूरे ग्राम पंचायत के मतदाता चुनते हैं तथा सभी पंच मिलकर अपने में से एक उपसरपंच चुनते है।

स्तर – 4 **पंच/सरपंच व उपसरपंच के कार्यों का विश्लेषण कर पाते है।**

सरपंच के कार्य

प्रश्न – सरपंच के मुख्य कार्य क्या–क्या है?

विद्यार्थी – गाँव के विकास का काम करवाना।

शिक्षक कथन –

1. सरपंच पंचायत का मुखिया होता है।
2. सरपंच की अध्यक्षता में पंचों की बैठक लेना।
3. ग्राम सभा का आयोजन करना।
4. विकास के कार्यों की निगरानी करना।
5. पंचायत को प्राप्त राशि का व्यय व हिसाब किताब करना।

प्रश्न – ग्राम पंचायत के कौन–कौन से कार्य है?

- गाँव की साफ–सफाई करवाना।
- पेयजल एवं निस्तार के पानी की व्यवस्था करवाना।
- सड़क, पुलिया, शाला का निर्माण और मरम्मत करवाना।
- विवाह, जन्म–मृत्यु को दर्ज करना।
- गाँव में पाठशाला एवं स्वास्थ्य सेवा की निगरानी करना।
- गाँव के विकास के लिए योजना बनाना एवं शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद करना।

Recapitulation -

शिक्षक – बच्चों, आज के कालखंड में की गई गतिविधि से आपने क्या समझा?

विद्यार्थी–

1. आज की गतिविधि से हमने वार्ड निर्धारण एवं पंच की चुनाव प्रक्रिया को समझा।
2. पंच के चुनाव हेतु उम्मीद्वार की योग्यता को समझा।
3. सरपंच का चुनाव और कार्यों की जानकारी हुई।
4. सरपंच गाँव का मुखिया होता है।
5. उप सरपंच को पंच, मिलकर अपने में से एक को उप सरपंच चुनते है।
6. ग्राम पंचायत – गाँव की साफ–सफाई, पेयजल व निस्तार के पानी की व्यवस्था, विवाह, जन्म–मृत्यु को दर्ज करवाना, गाँव में पाठशाला एवं स्वास्थ्य सेवा की निगरानी आदि के कार्य करती है।

Assignment -

1. सरपंच का चुनाव किस प्रकार होता है?
2. उप सरपंच का चुनाव कैसे होता है?
3. ग्राम पंचायत के महत्वपूर्ण कार्य कौन–कौन से है?
4. आप अपने ग्राम का अवलोकन कर जानकारी ले कि आपके ग्राम में विकास कार्य किस प्रकार चल रहा है?

प्रभावी शिक्षण के लिए आईसीटी का उपयोग

आज के तकनीकी युग में अपने अधिगम को सरल बनाने में अपने चारों ओर वातावरण में उपलब्ध विभिन्न आईसीटी माध्यम जैसे इंटरनेट, क्यूआर कोड आदि का छात्र आसानी से उपयोग कर सकता है।

तकनीकी का उपयोग क्यों :–

- तकनीकी के प्रयोग से ज्ञान को समृद्ध और सुगम बनाया जा सकता है।
- यह एक महत्वपूर्ण अधिगम माध्यम है जिसका उपयोग कक्षा कक्ष में अथवा बाहर कहीं भी और कभी भी किया जा सकता हैं।
- सामाजिक विज्ञान के अभ्यास के लिए पाठ्यपुस्तक में दी गई सामग्री के अतिरिक्त अन्य सामग्री उपलब्ध होती है।
- एक ही अवधारणा पर आधारित भिन्न–भिन्न प्रश्न उपलब्ध होने के कारण विषय वस्तु के प्रति रूझान विकसित करने में मदद होती है।
- सामाजिक विज्ञान की कई अमूर्त अवधारणाओं का मूर्त रूप में प्रदर्शन रहता है जिससे अधिगम आसान होता है।
- H.O.T. प्रश्नों के लिए भी विद्यार्थी जिज्ञासु बनता है।
- तकनीकी का अध्यापन में प्रयोग विद्यार्थी को नई सोच के लिए प्रेरित करता है और जिज्ञासु भी बनाता है।

आईसीटी के उपयोग से लाभः–

- **क्यूआर कोड /दीक्षा ऐप–**

शिक्षको और विद्यार्थियो में दक्षता संवर्धन हेतु पाठ्यवस्तु के अतिरिक्त पाठ्य संसाधन उपलब्ध कराने के दृष्टि से **"दीक्षा एप"** एक अभिनव प्रयास है। जिसे ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन (डाउनलोड करने के उपरांत) उपयोग किया जा सकता है। इसका प्रमुख उद्देश्य पाठ्य वस्तु के अतिरिक्त ऑडियो–वीडियो, एनीमेशन फॉरमेट में अधिगम सामग्री, संबंधित अभ्यास प्रश्न संदर्भ सामग्री के रूप में प्राप्त होते है।

https://diksha.gov.in/cg/

Day - 3

Ice breaker

देखो और बताओ

उद्देश्यः– अवलोकन की दक्षता का विकास करना

कार्यविधिः– एक ट्रेन में अलग–अलग प्रकार की वस्तुएं रखी जा जावेंगी। जैसे सुई, स्केल, बॉटल, पेन्चिस, ग्लोब, मानचित्र, चूड़ी के टुकड़े, चॉक, डस्टर, मोबाईल आदि 25–25 वस्तुएं रखी जावेंगी। फिर एक प्रतिभागी को बुलाकर कहा जायेगा कि ट्रेन में रखी वस्तुओं को ध्यान से देखकर (30 सेकंड का समय देकर) उसके बाद उसमें से कुछ वस्तुएं निकाल ली जायेगी और पूछा जायेगा कि इस ट्रेन में कौन सी वस्तुएं नहीं है उनके नाम बताओं। इस प्रकार अवलोकन की दक्षता की परख हेतु यह गतिविधि मददगार होगी।

सामाजिक विज्ञान की कक्षागत पैडागॉजी

विद्यालयीन शिक्षा में सामाजिक विज्ञान शिक्षण पर्यावरणीय शिक्षा के विस्तृत रुप में परिलक्षित होता है, जिसमें विशिष्ट दक्षताओं को समाहित करने हेतु परिवेशीय अध्ययन को भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र अथवा राजनीति शास्त्र तथा अर्थशास्त्र जैसे उपविषयों का सारगर्भित अध्ययन शामिल होता है। सामाजिक विज्ञान में प्राकृतिक विज्ञान और शारीरिक विज्ञान की तरह वैज्ञानिक दृष्टि होती है, सामाजिक विज्ञान के माध्यम से स्वतंत्रता, विश्वास, परस्पर सम्मान और विविधता के आदर जैसे मानवीय मूल्यों का सुदृढ़ आधार तैयार होता है। अतः अनुशासनात्मक चिन्तन के दृष्टिकाण से समाजिक विज्ञान शिक्षण में रचनात्मकता की भूमिका को इस प्रकार समझा जा सकता हैः–



राजनीति शास्त्र बनाम नागरिक शास्त्र :

NCF के अनुसार सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या विकासात्मक मुद्दो पर जोर देती है, किन्तु समानता न्याय और सम्मान जैसे आदर्शो को समाज और राजनीति मे समझने की दिशा में पर्याप्त

नही कहे जा सकते, ज्ञानमीमांसात्मक दृष्टिकोण से परिवर्तन सुझाया गया है, जिसमें राष्ट्रीय एवं स्थानीय मुद्दों के संतुलन को आवश्यक बताया गया है। भारतीय इतिहास एवं अर्थशास्त्र के साथ विश्व के अन्य क्षेत्रों मे ऐतिहासिक एवं आर्थिक विकास के संदर्भ भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए। इसलिए पूर्व माध्यमिक स्तर पर नागरिक शास्त्र के अध्ययन को आगे राजनीति शास्त्र के रुप में प्रतिपुष्ट होता है। इसके अंतर्गत अवधारणात्मक स्पष्टता के लिए निम्नलिखित आयामों को शामिल करना उपयोगी होगा।

उच्चप्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान

इतिहास– भारत के अलग–अलग हिस्सों मे विकास विश्व के अन्य भागों में विकास।
भूगोल– पर्यावरण, संसाधन एवं स्थानीय से वैश्विक स्तर पर विभिन्न स्तरों पर विकास।
नागरिक शास्त्र/राजनीति विज्ञान – स्थानीय, राज्य और केन्द्रिय स्तर पर सरकार का गठन, कार्य और सहभागिता की प्रजातांत्रिक प्रक्रियाएँ।
अर्थशास्त्र – आर्थिक संस्थानों की समझ जैसे परिवार बाजार एवं राज्य आदि शामिल है।



सामाजिक विज्ञान शिक्षण की विधियाँ

सामाजिक विज्ञान में ऐसी विधियों का उपयोग किया जाना चाहिए जो रचनात्मकता, सौंदर्यबोध, आलोचनात्मक समझ बढ़ाए और बच्चों को अतीत तथा वर्तमान के बीच संबंध बनाने एवं समाज में होने वाले परिवर्तनों को समझने में सक्षम करें। समस्या समाधान, नाटकीकरण, भूमिका निर्वाह (रोल प्ले) कुछ ऐसी विधाएँ हैं जो उपयोग में लायी जा सकती है। हालांकि उनका अभी तक ज्यादा इस्तेमाल नहीं हुआ है शिक्षण में श्रव्य–दृश्य सामग्री, तस्वीरें, चार्टस, नक्शे तथा पुरातत्ववादी, भौतिक संस्कृतियों की प्रतिकृतियों जैसे संसाधनों का भी उपयोग किया जाना चाहिए।

अधिगम क्रिया को सहभागी बनाने के लिए आवश्यकता ऐसे बदलाव की है जिसमें केवल सूचना देने के स्थान पर वाद–विवाद और चर्चाएँ की जाएँ। सीखने का यह तरीका शिक्षक एवं शिक्षार्थी को सामाजिक वास्तविकताओं के प्रति सजग करेगा। व्यक्तियों एवं समुदायों के जीवन के अनुभवों की सहायता से विद्यार्थियों को अवधारणाएँ स्पष्ट की जानी चाहिए। अक्सर यह देखा गया है कि सांस्कृतिक, सामाजिक और वर्ग अंतर कक्षागत संदर्भों में अपने स्वयं के पक्षपात, पूर्वग्रह तथा व्यवहार उत्पन्न करता है। इसलिए शिक्षण के उपागम में खुलापन होना चाहिए। शिक्षकों को कक्षा में सामाजिक वास्तविकता के विभिन्न आयामों के बारे में बात करनी चाहिए तथा स्वयं एवं विद्यार्थियों में स्व–जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य करना चाहिए।

सामाजिक विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु शिक्षक द्वारा किए गए अनेक प्रयास प्रचलित है इनमें से सर्वेक्षण तथा साक्षात्कार भी उपयोगी तथा अधिक प्रभावी है।

सामाजिक विज्ञान शिक्षण में अन्य प्रस्तावित उपागम



ये सभी कार्य प्रत्यक्ष अनुभवों के लिए सहायक हो सकते है।

शिक्षण अधिगम सामग्री (टी.एल.एम.)

